प्रशस्ति-पट्टिका

हिन्दी भाषा

हिन्दी सेवा सम्मान

2016-17

मध्यप्रदेश शासन, हिन्दी भाषा के क्षेत्र में हिन्दी को समृद्ध करने, रचनात्मक लेखन, शोध एवं प्रचार--प्रसार में अपूर्व योगदान के लिए पूर्वोत्तर भारत के आदी भाषी लेखक प्रो. ओकेन लेगो को हिन्दी सेवा सम्मान वर्ष 2016--17 से सादर विभूषित करता है।

स्थान : भोपाल

दिनांक : 14 सितम्बर 2017

संस्कृति विभाग

मध्यप्रदेश शासन

मध्यप्रदेश शासन

संचालनालय

आधार तल, संस्कृति भवन, बाणगंगा, भोपाल (मध्यप्रदेश) 462003
दूरभाष : 0755-2770598 एवं 6730000 फैक्स 0755-2770650
वेबसाइट www.culturemp.in ईमेल directorculture@rediffmail.com

मनोज श्रीवास्तव
आयुक्त / प्रमुख सचिव

क्र.2034/सं.सं./हि.भा.स./2017–18
भोपाल, दिनांक 7 सितम्बर, 2017

प्रिय श्री ओकेन लेगो,

मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग ने उन हिन्दी भाषी लेखकों और साहित्यकारों को जिन्होंने अपने लेख तथा सृजन से हिन्दी को समृद्ध किया हो, उन्हें सम्मानित करने के लिए हिन्दी भाषा–हिन्दी सेवा सम्मान स्थापित किया है। यह सम्मान रचनात्मक अवदान के लिए देय है। सम्मान हेतु प्राप्त सभी आवेदन पत्र/अनुशंसाओं को चयन समिति के समक्ष रखा गया। चयन समिति ने प्राप्त अनुशंसाओं/आवेदन पत्रों की समीक्षा की। आवेदन पत्रों में कोई उपयुक्त नाम न होने की स्थिति में समिति द्वारा स्वविवेक से नामों पर भी विचार–विमर्श किया गया।

मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग की चयन समिति द्वारा की गई अनुशंसा के अनुसार **प्रो. ओकेन लेगो** को हिन्दी भाषा के क्षेत्र में गहरी प्रतिष्ठा, निरन्तर सृजन सक्रियता, हिन्दी को समृद्ध करने, रचनात्मक लेखन, शोध एवं प्रचार–प्रसार में अपूर्व योगदान के लिए सर्वसम्मति से हिन्दी भाषा–हिन्दी सेवा सम्मान 2016–17 से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है।

मध्यप्रदेश शासन की ओर से आपको आदर पूर्वक सूचित करते हुए हार्दिक बधाई देना चाहता हूँ। कृपया सम्मान ग्रहण करने की सहमति प्रदान करने की कृपा करें। सम्मान का अलंकरण समारोह 14 सितम्बर 2017 को संध्या 07:00 बजे जनजातीय संग्रहालय, श्यामला हिल्स, भोपाल (मध्यप्रदेश) में आयोजित है। मध्यप्रदेश शासन के गणमान्य मंत्रीगणों की उपस्थिति में यह सम्मान आपको प्रदान किया जायेगा। इस अवसर पर मान. संस्कृति मंत्री जी भी उपस्थित रहेंगे। इस सम्मान के अन्तर्गत रुपये एक लाख की राशि, सम्मान पट्टिका, शॉल एवं श्रीफल प्रदान किये जाते हैं।

हमारा आपसे आत्मीय आग्रह है कि अलंकरण समारोह के अवसर पर भोपाल पधार कर मध्यप्रदेश शासन का प्रतिष्ठा सम्मान ग्रहण करने की कृपा करें। यह सहज ही उल्लेखनीय है कि अलंकरण समारोह में पधारने एवं सम्मान ग्रहण करने के लिए आपके निवास स्थान से भोपाल आने एवं वापसी का मार्गव्यय संचालनालय द्वारा वहन किया जायेगा। आपके गरिमानुकूल आतिथ्य की व्यवस्था भी की जा सकेगी।

एक बार पुन: हार्दिक शुभकामनाओं के साथ।

सादर।

भवदीय

(मनोज श्रीवास्तव)

प्रतिष्ठा में,

प्रो. ओकेन लेगो
विभागाध्यक्ष हिन्दी
राजीव गांधी हिन्दी विश्वविद्यालय
ईटानगर (अरूणाचल प्रदेश)

D:\...\indoriya\latter

//mail.google.com/mail/u/0/#inbox/15e6068746e21b21?projector=1